**सं. क्यू/पीएफ/575/12/2017**
**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**(प्रशासन प्रभाग)**

**जवाहरलाल नेहरू भवन,**
**नई दिल्ली, 12 अप्रैल, 2017**

## परामर्शदाताताओं के लिए विज्ञापन

विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली में, निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार, परामर्शदाताताओं के पदों को भरने लिए पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रोफार्मा (विज्ञापन के संलग्नक-I के अनुसार) पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | विदेश मंत्रालय मुख्यालय, नई दिल्ली में परामर्शदाता |
| 2. | परामर्श की अवधि | : | प्रारंभिक रूप से 03 (तीन) वर्षों के लिए<br><br>इस संविदा को प्रदर्शन के मूल्यांकन और परस्पर सहमति पर आगे तीन वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह संविदा एक माह के नोटिस पर, किसी भी समय किसी भी पक्ष द्वारा समाप्त की जा सकती है। सरकार नोटिस अवधि के स्थान पर एक माह के सहमत पारिश्रमिक का भुगतान करके इस संविदा को तत्काल समाप्त कर सकती है। |
| 3. | कार्यों का स्वरूप | : | • चयनित परामर्शदाताओं को मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ के रूप में कार्य करना होगा।<br>• उनके कार्यों में विदेश नीति बनाने के लिए उपयुक्त विशिष्ट भौगोलिक या विषयगत क्षेत्रों की नियमित मॉनीटरिंग, और इसके |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | लिए ज्ञान आधारित इनपुट उपलब्ध करना आवश्यक होगा।<br>• उन्हें दिए गए क्षेत्रों में प्रकाशित सामाग्री को संक्षेप में प्रस्तुत करना होगा और उसका विशलेषण करना होगा, क्योंकि यह मीडिया या शैक्षिक पत्रिकाओं में आती है।<br>• उन्हें नीति योजना प्रभाग के प्रासंगिक कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सेमीनार और सम्मेलन में भी भाग लेना होगा, और उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।<br>• उन्हें समय समय पर, विशिष्ट विदेश नीति से संबंधित मामलों पर एतिहासिक अनुसंधान करने के लिए भी कहा जा सकता है। |
| 4. | कार्य स्थल | : | विदेश मंत्रालय (साउथ ब्लॉक/ जवाहरलाल नेहरू भवन/पटियाला हाउस/आईएसआईएल भवन/अकबर भवन), नई दिल्ली |
| 5. | अर्हता/अनिवार्य मापदंड | : | • आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए<br>• उपर्युक्त पदों के लिए आवेदक के पास भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय संबंध में एमए/एम.फिल डिग्री होनी चाहिए।<br>• विदेश नीति या अंतर्राष्ट्रीय संबंध के क्षेत्र में विख्यात विश्वविद्यालय, प्रकाशन, प्रबुद्ध मंडल या अनुसंधान संगठन में कार्य अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा। |
| 6. | वांछनीय मापदंड | : | क) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/भारत सरकार में विदेश नीति से संबंधित मामलों को देखने का पूर्व अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ख) विदेशी भाषा, यदि कोई हो तो, का ज्ञान। |
| 7. | पारिश्रमिक और हकदारियां | : | • पारिश्रमिक पैकेज चयनित अभ्यर्थी के अनुभव और प्रोफाइल के अनुरूप होगा, जो प्रति वर्ष अधिकतम 10 लाख रूपय और लागू कर कटौती के अध्यधीन होगा।<br>• यह रोजगार वास्तव में संविदा आधार पर होगा, और चयनित अभ्यर्थी को और कोई लाभ नहीं दिए जाएंगे।<br>• यदि परमर्शदाता को उनके कार्य के लिए देश या विदेश में यात्रा करनी पड़ी, तो मंत्रालय अवर सचिव के समकक्ष उनकी यात्रा, आवास और प्रति दिन लागत की व्यवस्था करेगा।<br>• परामर्शदाता को मंत्रालय की पूर्व अनुमति से स्वयं या किसी अन्य संगठन के लिए स्वतंत्र अनुसंधान कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। तथापि, उनके द्वारा प्रत्येक प्रकाशन में यह डिस्क्लेमर देना होगा कि उसमें दर्शाए गए विचार या निष्कर्ष से भारत सरकार का कोई संबंध नहीं है।<br>• चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति की वास्तविक तारीख से निर्धारित फार्मेट पर परामर्शदाता के रूप में मंत्रालय के साथ संविदा में हस्ताक्षर करने होंगे। |
| 8. | आवेदन कैसे करें | : | • इच्छुक आवेदक संलग्नक I में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार विदेश मंत्रालय के लिए कार्य करने की अपनी इच्छा को दर्शाते हुए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।<br>• जैसा कि उपर दर्शाया गया है आवेदक के ब्यौरे वाले लिफाफे पर **"नीति योजना और अनुसंधान प्रभाग, विदेश मंत्रालय में परामर्शदाता के पद के लिए आवेदन"** स्पष्ट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | रूप से लिखा होना चाहिए और यह निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए :<br><br>**श्री सिबी जॉर्ज**<br>**संयुक्त सचिव (प्रशासन)**<br>**विदेश मंत्रालय**<br>**कमरा सं 149-सी, साउथ ब्लॉक**<br>**नई दिल्ली-110011**<br>**ई मेल: jsad@mea.gov.in**<br><br>• आवेदन के विस्तृत बायोडाटा शामिल होना चाहिए, जिसमें अभ्यर्थी की शैक्षिक अर्हताएं, विशेषज्ञता क्षेत्र, समकक्ष पत्रिकाओं में प्रकाशन का ब्यौरा (यदि कोई हो तो), कोई पूर्व कार्य अनुभव, शैक्षिक प्रमाणपत्रों और अंकतालिकाओं (अवर स्नातक स्तर से आगे) की स्वयं प्रमाणित प्रतियां सूचीबद्ध होनी चाहिए।<br>• पूर्व नियोक्ताओं से संदर्भ शामिल किए जा सकते हैं, लेकिन ये अनिवार्य नहीं हैं।<br>• आवेदन में आवासीय पते, ई-मेल पते और दूरभाष और मोबाइल नंबर सहित अभ्यर्थी का संपर्क ब्यौरा होना चाहिए।<br>• विदेश मंत्रालय आवेदनों की समीक्षा करेगा और अभ्यर्थियों की अल्पसूची बनाएगा। **अल्पसूची में रखे गए अभ्यर्थियों को मंत्रालय में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।**<br>• साक्षात्कार की तारीख, समय और स्थान साक्षात्कार कॉल लेटर/सूचना में सूचित की जाएगी।<br>• अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के स्थान तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पंहुचने के लिए स्वयं व्यवस्था करनी होगी।<br>• मंत्रालय द्वारा साक्षात्कार में आने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।<br>• सरकार द्वारा अभ्यर्थियों के चयन का निर्णय अंतिम होगा और इस विषय पर कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा। |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **8 मई 2017** है। अंतिम तारीख के बाद या निर्धारित दस्तावेजों के बिना या अन्यथा अधूरे या निर्धारित प्रोफार्मा के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

******

**संलग्नक –I**

| यहां अपनी पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं |
|---|

## परामर्शदाता के पद के लिए आवेदन-प्रोफार्मा
## विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

1. नाम :
2. जन्म तिथि :
3. लिंग :
4. शैक्षिक योग्यताएं :
5. मोबाइल नं :
6. ई-मेल पता :
7. रोजगार का कालक्रमानुसार ब्यौरा, यदि लागू हो तो। (यदि निम्नलिखित स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट लगाएं)

| विभाग/संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | परिलब्धियां | किए गए कार्यों का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8. किए गए पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण, यदि कोई हो तो, का ब्यौरा :

9. प्रकाशन, यदि कोई हो तो, का ब्यौरा :

10. भाषाएं जिनकी जानकारी हो :

11. पूर्व परामर्श, यदि कोई हो तो, का ब्यौरा :

12. ऐसी कोई अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो तो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। यदि आवश्यक हो तो, अलग शीट जोड़े।

13. टिप्पणियाँ :

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता :

तारीख :